राहत की खबर | लोगों को मिलेगी बड़ी राहत, रेलवे से ली जाएगी मदद

मदन महल अंडरब्रिज में लगेगा पानी निकासी पंप

जबलपुर, नवभारत। बरसात के मौसम में मदन महल अंडरब्रिज में जलभराव की समस्या से जूझ रहे शहरवासियों के लिए राहत भरी खबर है। नगर निगम अब रेलवे से पत्राचार कर अंडरब्रिज में अस्थायी पानी निकासी पंप लगाने की दिशा में पहल कर रहा है। इस कदम से बारिश के दौरान होने वाले जलभराव पर प्रभावी नियंत्रण की उम्मीद है और आवागमन पहले की तुलना में अधिक सुरक्षित एवं सुगम हो सकेगा।

स्वास्थ विभाग के अधिकारी ने बताया कि मदन महल अंडरब्रिज शहर के प्रमुख यातायात मार्गों में से एक है। हर वर्ष भारी बारिश के दौरान यहां पानी भर जाने से वाहनों की लंबी कतारें लग जाती हैं और आम नागरिकों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है। कई बार दोपहिया और चारपहिया वाहन बीच रास्ते में बंद हो जाते हैं, जिससे यातायात भी प्रभावित होता है। नगर निगम ने इस समस्या के समाधान के लिए रेलवे प्रशासन के साथ समन्वय स्थापित करने का निर्णय लिया है। बता दे कि नवभारत द्वारा पूर्व में अंडर ब्रिज में हुए जल भराव को लेकर समाचार प्रकाशित किया था। जिस पर अब नगर निगम द्वारा रेलवे से पत्राचार कर समन्वय स्थापित किया जा रहा है। रेलवे से आवश्यक अनुमति एवं तकनीकी सहमति मिलने के बाद अंडरब्रिज में उच्च क्षमता का वाटर पंप स्थापित किया जाएगा, जिससे बारिश का पानी तेजी से बाहर निकाला जा सकेगा।

जलभराव की समस्या का होगा समाधान

नगर निगम अधिकारियों का मानना है कि इस व्यवस्था के लागू होने के बाद जलभराव की स्थिति में काफी कमी आएगी और नागरिकों को सुरक्षित, निर्बाध एवं सुविधाजनक आवागमन का लाभ मिलेगा। साथ ही, यातायात बाधित होने की घटनाएं भी कम होंगी। शहरवासियों ने नगर निगम की इस पहल का स्वागत करते हुए उम्मीद जताई है कि रेलवे और नगर निगम के बीच शीघ्र समन्वय स्थापित होगा और आने वाले मानसून में मदन महल अंडरब्रिज जलभराव की समस्या से काफी हद तक मुक्त हो सकेगा।

इनका कहना है

रेलवे से पत्राचार के माध्यम से अंडर ब्रिज के पास पम्प मशीन लगाई जाएगी। इसके लग जाने से आमजनों को राहत मिलेगी।

अभिनव मिश्रा, स्वास्थ प्रभारी, नगर निगम

शास्त्री ब्रिज में उगे पीपल के पेड, मेंटेनेंस पर उठ रहे सवाल

जबलपुर, नवभारत। शहर की पहचान और प्रमुख यातायात मार्गों में शामिल शास्त्री ब्रिज की स्थिति लगातार चिंताजनक होती जा रही है। पुल के विभिन्न हिस्सों में उगी झाड़ियां अब बड़े-बड़े पीपल के पेड़ों का रूप ले चुकी हैं, जो न केवल पुल की सुंदरता बिगाड़ रही हैं, बल्कि इसकी मजबूती पर भी सवाल खड़े कर रही हैं। 1964 में बनकर तैयार हुए और तत्कालीन प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री के नाम पर रखे गए इस ब्रिज में लंबे समय से इन पेड़ों और झाड़ियों को नहीं हटाए जाने से पुल की संरचना को नुकसान पहुंचने की आशंका बढ़ गई है। जानकारों के अनुसार, पीपल जैसे पेड़ों की जड़ें कंक्रीट और चूना मिट्टी की दरारों में गहराई तक प्रवेश कर जाती हैं। समय के साथ ये जड़ें दरारों को और चौड़ा कर देती हैं, जिससे पुल की संरचनात्मक मजबूती प्रभावित हो सकती है। यदि समय रहते इन पेड़ों को नहीं हटाया गया, तो भविष्य में यह बड़ी तकनीकी समस्या का कारण बन सकता है।

नहीं किया गया मेंटेनेंस

लोगों का कहना है कि कई बार लोक निर्माण विभाग का ध्यान इस ओर दिलाया गया, लेकिन अब तक कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं हुई। पुल पर जगह-जगह उगी वनस्पति यह संकेत दे रही है कि नियमित निरीक्षण और रखरखाव में लापरवाही बरती जा रही है। मालूम हो कि बरसात के मौसम में यह जंगली झाड़ियाँ और भी वृहद रूप ले लेती है। विशेषज्ञों का मानना है कि किसी भी पुल की सुरक्षा के लिए समय-समय पर निरीक्षण, दरारों की मरम्मत और उगी हुई वनस्पति को हटाना आवश्यक होता है। यदि रखरखाव में देरी होती है, तो छोटी समस्या भी भविष्य में बड़े खतरे का रूप ले सकती है।

गुज़रते हैं हजारों वाहन

शास्त्री ब्रिज से प्रतिदिन हजारों वाहन और राहगीर गुजरते हैं। ऐसे में पुल की सुरक्षा और रखरखाव को लेकर संबंधित विभाग को तत्काल कार्रवाई करते हुए झाड़ियों और पीपल के पेड़ों को हटाने, क्षतिग्रस्त हिस्सों की जांच कराने तथा नियमित मेंटेनेंस सुनिश्चित करने की आवश्यकता है, ताकि किसी संभावित दुर्घटना से पहले ही खतरे को टाला जा सके।

एक नजर में

आज आएंगे सीएम, गौरव शिखर सम्मान कार्यक्रम में करेंगे शिरकत

जबलपुर। मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव का बुधवार एक जुलाई को जबलपुर आगमन होगा। मुख्यमंत्री डॉ यादव बुधवार की शाम 4 बजे सिवनी से हेलीकॉप्टर द्वारा डुमना एयरपोर्ट आयेंगे। शहर में आयोजित कार्यक्रम में शामिल होने के बाद शाम 6 बजे डुमना एयरपोर्ट से हेलीकॉप्टर द्वारा भोपाल प्रस्थान करेंगे। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के बुधवार के प्रस्तावित प्रवास के दौरान पूर्व विधानसभा अध्यक्ष दादा ईश्वरदास रोहाणी की स्मृति में मानस भवन में आयोजित गौरव शिखर सम्मान कार्यक्रम की तैयारियों का मंगलवार की शाम कलेक्टर राघवेन्द्र सिंह ने जायजा लिया और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिये। इस मौके पर विधायक अशोक रोहाणी, नगर निगम अध्यक्ष रिकुंज विज, अपर कलेक्टर रवि शंकर राय, डॉ. सुनील मिश्रा, विजय रोहाणी, सचिन जैन सहारा, एसडीएम आधारताल पंकज मिश्रा सहित अन्य अधिकारी भी मौजूद थे।

पश्चिम मध्य रेलवे के 172 रेलकर्मी सेवानिवृत्त

जबलपुर। पश्चिम मध्य रेल के मुख्यालय में कार्यरत सहायक वित्त सलाहकार रमेश प्रसाद गुप्ता एवं छह अन्य कर्मचारी सहित जबलपुर, भोपाल, कोटा मण्डलों एवं दोनों कारखानों के कुल 172 रेलकर्मी मंगलवार 30 जून 2026 को सेवानिवृत्त हुए। जिसमें मुख्यालय से 1 अधिकारी एवं 6 कर्मचारी, जबलपुर मंडल से 2 अधिकारी एवं 37 कर्मचारी, भोपाल मण्डल से 1 अधिकारी एवं 44 कर्मचारी, भोपाल कारखाना से 2 अधिकारी एवं 15 कर्मचारी, कोटा मण्डल में 2 अधिकारी एवं 51 कर्मचारी, कोटा कारखाना से 1 अधिकारी एवं 8 कर्मचारी, कोटा निर्माण से 1 अधिकारी एवं 1 कर्मचारी शामिल हैं। पश्चिम मध्य रेल मुख्यालय में माह के अंतिम कार्य दिवस 30 जून 2026 को अपर महाप्रबंधक प्रमोद कुमार खत्री, प्रमुख मुख्य कार्मिक अधिकारी एस डी पाटीदार, प्रधान वित्त सलाहकार सुधीर कुमार एवं मुख्य विद्युत् इंजीनियर (सामान्य) जगराम मीणा ने एक अधिकारी एवं छह कर्मचारियों को सेवानिवृत्ति संबंधित दस्तावेज प्रदान किये।

इनकी रही उपस्थिति- सेवानिवृत्ति पर रेल प्रशासन की ओर से स्वस्थ, सुखी और समृद्ध जीवन के लिए शुभकामनायें दी गईं। सेवानिवृत्ति समारोह के अवसर पर उप मुख्य कार्मिक अधिकारी (एच आर डी) संजय कुमार सिन्हा सहित कार्मिक विभाग के अन्य अधिकारी तथा मुख्य कल्याण निरीक्षक एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। कर्याक्रम का संचालन सहायक कार्मिक अधिकारी (प्रशानिक) शैलेन्द्र सिंह गौर द्वारा सुचारु रूप से किया गया।

ई रिक्शा ले गए चोर

जबलपुर। गढ़ा थाना अंतर्गत त्रिपुरी चौक में घर के बाहर खड़ा ई रिक्शा अज्ञात चोर चुराकर ले गए। पुलिस के मुताबिक मनोज विश्वकर्मा 38 वर्ष निवासी त्रिपुरी चौक गढ़ा ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह ई रिक्शा चलाता है वह अपना ई रिक्शा क्रमांक एमपी 20 जेड पी 3921 को रोजाना की तरह घर के सामने पड़े खाली मैदान में खडा कर घर में सो गया था दूसरे दिन सुबह लगभग 6 बजे उठकर देखा उसका ई रिक्शा गायब था कोई अज्ञात चोर उसका ईरिक्शा कीमती लगभग 80 हजार रूपये का चोरी कर ले गया है। पुलिस ने रिपोर्ट पर प्रकरण दर्ज कर पतासाजी शुरू कर दी है।

जांच के फेर में अटका भुगतान, भटक रहा किसान

धान बेचने के 5 महीने बाद भी नहीं मिला भुगतान, कर्ज के दलदल में अन्नदाता

जबलपुर, नवभारत। अन्नदाता अपने ही हक के पैसे के लिए दफ्तरों के चक्कर काटने को मजबूर है। दअसल कुण्डम में नियम-कायदों के तहत अपनी फसल बेचने वाले एक किसान का भुगतान पिछले पांच महीनों से प्रशासनिक फाइलों और जांच के फेर में अटका हुआ है। धान का पैसा न मिलने के कारण किसान का परिवार आर्थिक तंगी से गुजर रहा है। कर्ज के दलदल में अन्नदाता दब गया है। पीड़ित किसान ने अब कलेक्टर कार्यालय पहुंचकर अपनी आपबीती सुनाई है और न्याय की मांग की है।

जानकारी के अनुसार कुण्डम तहसील के ग्राम धरमपुरा निवासी किसान नोखेलाल पिता कन्छेदी लाल खटीक ने जनवरी 2026 में सरकार द्वारा निर्धारित प्रक्रिया के तहत अपनी धान बेची थी। उनके पास किसान पंजीयन, स्लॉट बुकिंग और अनाज खरीदी की पक्की पावती रसीद मौजूद है। रिकॉर्ड के मुताबिक, उन्होंने काशी विश्वनाथ शकुल स्तरीय संगठन कुण्डम उपार्जन केंद्र पर 42.80 क्विंटल धान बेची थी, जिसकी कुल सरकारी राशि 1,01,393 रुपये बनती है। लेकिन पांच महीने बीत जाने के बाद भी उनके बैंक खाते में एक रुपया भी नहीं पहुंचा है।

खरीदी केंद्र ने गड़बड़ी की तो किसान को सजा क्यों

पीड़ित किसान नोखेलाल ने कलेक्टर को सौंपे अपने शिकायती पत्र में बताया कि जब वे भुगतान न होने की शिकायत लेकर बैंक और खाद्य विभाग के चक्कर काट रहे थे, तब उन्हें बताया गया कि उक्त उपार्जन केंद्र पर कोई विभागीय जांच चल रही है, जिसके कारण भुगतान पर रोक लगा दी गई है। किसान ने का कहना है, यदि खरीदी केंद्र के प्रबंधकों या किसी एजेंसी ने कोई आर्थिक अनियमितता की है, तो उसकी जांच जरूर हो और दोषियों पर कार्रवाई की जाए। लेकिन सारे वैध दस्तावेज होने के बाद भी एक ग किसान का पैसा रोकना कहां का न्याय है? प्रशासन की इस लेती-देती की सजा मेरा परिवार क्यों भुगत रहा है?

कर्ज का ब्याज बढ़ रहा टूट रहा परिवार

नोखेलाल ने बताया कि उन्होंने जैसे-तैसे बाजार से ऊंची ब्याज दरों पर कर्ज और उधार लेकर गेहूं की अगली फसल तो बो दी थी, लेकिन अब पुराना कर्ज चुकाने और घर का खर्च चलाने के लिए उनके पास कोई साधन नहीं बचा है। धान का पैसा न मिलने से उन पर कर्ज का ब्याज लगातार बढ़ता जा रहा है, जिससे पूरा परिवार मानसिक रूप से टूट चुका है। किसान ने मांग की है कि जांच को समय-सीमा तय कर तुरंत पूरा किया जाए और उनका रुका हुआ भुगतान अतिशीघ्र कराया जाए।

देश में पहली बार एक साथ 12 उद्यानिकी फसलों को मिला जीआई टैग, मटर, सिंघाड़ा शामिल

जबलपुर । मध्यप्रदेश ने इतिहास बनाते हुए एक साथ 12 उद्यानिकी फसलों के लिए जी आई टैग हासिल करने में सफलता हासिल की है। देश में यह पहली बार हुआ है जब एक साथ इतनी बड़ी संख्या में जीआई टैग मिला है। इनमें जबलपुर का मटर, सिंघाड़ा शामिल है।

विदित हो कि हरी मटर जबलपुर की एक लोकप्रिय सब्जी और प्रमुख रबी फसल है। ये काफी पौष्टिक भी होते हैं और इनमें उचित मात्रा में प्रोटीन, फाइबर और एंटीऑक्सीडेंट होते हैं। हरी मटर या गार्डन मटर, छोटे, गोलाकार बीज हैं जो पाएसम सटाईवम पौधे द्वारा उत्पादित फली से आते हैं। वे सैकड़ों वर्षों से मानव आहार का हिस्सा रहे हैं और दुनिया भर में खाए जाते हैं। फसल अवधि 40-60 दिन है। जिले में वर्ष 2018-19 में हरी मटर की कुल बुआई 31,360 हेक्टेयर क्षेत्र में की गयी है तथा वर्ष 2018-19 का वार्षिक उत्पादन 52,500 टन है।

इसी प्रकार सिंघाड़ा की खेती के लिए सात महीने की मेहनत लगती है। पौधे को अपने पूर्ण आकार में विकसित होने में चार महीने लगते हैं और फल आने में तीन महीने और लगते हैं। बुआई का मौसम मई-जून के गर्मियों के महीनों में शुरू होता है। किसान एक छोटे पोखर पा छोटे जलाशय में बीज बोते हैं। एक महीने के भीतर, पौधा एक बेल में बदल जाता है जिसे बाद में बड़े तालाब में प्रत्यारोपित किया जाता है। फलों की तुड़ाई दिसम्बर-जनवरी माह में की जाती है।

शादी डॉट कॉम के जरिए चल रहा ब्लैकमेलिंग का खेल

जीवनसाथी की तलाश में युवक-युवतियां बन रहे शिकार अस्मत लूटने के साथ उगाही

जबलपुर, नवभारत। शादी डॉट कॉम और अन्य नामी वैवाहिक वेबसाइट्स पर जीवनसाथी की तलाश कर रहे युवक-युवतियां जिस प्लेटफॉर्म का इस्तेमाल अपना घर बसाने के लिए कर रहे हैं, उसी को शातिर अपराधियों ने ठगी, ब्लैकमेलिंग और शारीरिक व मानसिक शोषण का अड्डा बना लिया है। फर्जी प्रोफाइल के जरिए युवाओं को जाल में फंसाकर अस्मत लूटी जा रही है और ब्लैकमेलिंग करते हुए लाखों रुपये की उगाही भी की जा रही है।

दरअसल वैवाहिक वेबसाइट्स पर जीवनसाथी की तलाश कर रहे लोग अब शातिर ठगों के निशाने पर हैं। हाल ही में सामने आए मामलों से खुलासा हुआ है कि शादी डॉट कॉम जैसी लोकप्रिय साइट्स का इस्तेमाल कर ठगों का एक संगठित गिरोह युवाओं को ब्लैकमेल कर रहा है। इस खेल में युवक और युवतियां दोनों ही शिकार बन रहे हैं। इस रैकेट में केवल महिलाएं ही नहीं, बल्कि पुरुष ठग भी युवतियों की फर्जी प्रोफाइल बनाकर लड़कों को निशाना बना रहे हैं। कई मामलों में युवतियां भी अमीर लड़कों को फंसाकर उन पर झूठे केस करने की धमकी देकर मोटी रकम वसूल रही हैं।

ऐसे फैला रहे जाल

ठग आकर्षक और हाई-प्रोफाइल नकली आईडी बनाते हैं। बातचीत शुरू कर पीड़ित का भरोसा जीता जाता है जल्द ही बातचीत को व्हाट्सएप पर शिफ्ट किया जाता है। वीडियो कॉल के दौरान जालसाज न्यूड या अश्लील वीडियो कॉल रिकॉर्ड कर लेते हैं। वीडियो हाथ में आते ही उनका असली चेहरा सामने आता है। बदनामी और परिवार को वीडियो भेजने की धमकी देकर लाखों रुपये वसूले जा रहे हैं। कई मामलों में युवतियों को मजबूरी का फायदा उठाकर शारीरिक शोषण का शिकार भी बनाया जा रहा है।

केस 1- 7 जून को आदित्य सिंह पिता शिव शंकर सिंह, निवासी एसके गार्ड, बेंगलुरु सिटी, कर्नाटक को महिला थाने की पुलिस ने बेंगलुरू से गिरफ्तार किया था । आरोपी मेट्रीमोनियल साइट शादी डॉट कॉम पर नाम बदलकर युवतियों को जाल में फंसाते हुए शादी का झांसा देकर उनकी प्राइवेट तस्वीरें खींचने के बाद ब्लैकमेल कर उनका शारीरिक शोषण कर उगाही भी करता था ।

केस 2- वैवाहिक वेबसाइट के जरिए दोस्ती कर महिला ने एक व्यापारी को हुस्न के जाल में फंसाया था और ब्लैकमेल शुरू कर दी थी। बलात्कार के झूठे केस में फंसाने के साथ धमकी देकर रंगदारी वसूली थी। आरोपी महिला पीड़ित से पहले ही लाखों रुपये ऐंठ चुकी थी। 4 जून को रांझी थाने में पीड़ित युवक ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी ।

आंख बंद कर भरोसा नहीं करें

एएसपी क्राइम जितेन्द्र सिंह ने बताया कि शिकायत पर पुलिस एक्शन लेती है। प्रकरण दर्ज करने के साथ संबंधित के खिलाफ आगे की कार्रवाई, गिरफ्तारी भी करते है। नागरिकों से अपील है कि वे किसी भी प्रोफाइल पर आंख बंद करके भरोसा न करें। निजी जानकारी साझा न करें। अनजान व्यक्ति के साथ वीडियो कॉल पर आने से बचें। चैट पर ऐसी तस्वीरें या जानकारी न भेजें जिसका इस्तेमाल बाद में ब्लैकमेल करने के लिए किया जा सके। ब्लैकमेल होने पर डरे नहीं, तुरंत शिकायत दर्ज कराये। सोशल मीडिया पर ठग अपनी आईडी बनाते हैं। आपसे दोस्ती कर आपको आर्थिक, शारीरिक नुकसान पहुंचा सकते है।

GREEN VALLEY PUBLIC SCHOOL
A Residential & Day Boarding School
NURSERY TO CLASS 12th
ADMISSIONS OPEN 2026-27
BIG DREAMS NEED A BIG START
GVPS SHAPE THE LEADERS OF TOMORROW WITH FUTURE-READY FACILITIES
KEY FEATURES
Affiliated to CBSE
Bus Facility
Air Cooled Hostel
Atal Tinkering Lab
Separate Hostel for Girls & Boys
Safe Campus
Large Playground
Healthy Environment
Greenery in Abundance
State of Art Classrooms
Digital Classrooms
CCTV Surveillance
For more Information
9300154300, 9300119919
Raigwan, Next to Bharat Petroleum, Patan Road, Jabalpur

यश हायर सेकेण्डरी स्कूल
12वीं पास रोज़गार आधारित डी.फार्मा, बी.फार्मा, एल.एल.बी., बी.ए.,बी.कॉम, कम्प्यूटर जैसे अनेकों कोर्सेज के फार्म भरें। English & Hindi Medium Office- 8 am to 4 pm
Nursery, LKG, UKG- Admission, Book, Uniform Fee
इस वर्ष हमारे 40 बच्चों ने लेपटॉप योजना में पाया 10 लाख का फायदा
नोट- हमारे प्रयास से श्रेष्ठ बच्चों के साथ-साथ कमजोर बच्चें भी बेहतर रिजल्ट लाकर दिखाते है। इसलिए हम देते है बोर्ड परीक्षाओं में बेहतर परिणाम।
सीधे कक्षा 10वीं, 12वीं एवं कॉलेज प्राइवेट / रेग्यूलर फार्म भरने की सुविधा
अधारताल तिराहा- 9303580611,9131455600 अमखेरा रोड, गोहलपुर-9111009016

Mr. Solar महाकौशल का सबसे भरोसेमंद
कोई झूठा वादा नहीं, सिर्फ सच
सोलर पार्टनर
• कम बिजली बनने पर क्षतिपूर्ति हम करेंगे
• सबसे तेज सब्सिडी प्रोसेसिंग
• विक्रय पश्चात सर्वोत्तम वाशिंग एवं मेंटेनेंस सर्विस
• सर्टिफाइड प्रोडक्ट
Office : Pls call us on 6267100743, 9644555001
Mr. Solar & Co- 402, 4th Floor, Kaushalya Vihar Apartment, Near Bhanwartal Garden, Napier Town, Jabalpur

अभियान | बारिश के मौसम में निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने का अभियान

33 केवी का मेंटेनेंस पूरा, पांचों डिवीजन में 80% कार्य पूर्ण



जबलपुर, नवभारत। आगामी बारिश के मौसम में निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने के उद्देश्य से मध्य प्रदेश विद्युत मंडल (एमपीएसईबी) द्वारा चलाया जा रहा मेंटेनेंस अभियान अब अंतिम चरण में पहुंच गया है। विभाग का दावा है कि शहर के पांचों डिवीज़न में निर्धारित लक्ष्य के अनुसार अब तक लगभग 80 प्रतिशत मेंटेनेंस कार्य पूरा कर लिया गया है। वरिष्ठ अधिकारी के अनुसार, 30 जून तक मेंटेनेंस कार्य पूरा करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया था। इस अभियान के तहत ट्रांसफार्मरों के रखरखाव का लगभग 50 प्रतिशत कार्य पूर्ण हो चुका है। वहीं, शहर के पांचों डिवीजनों में 33 केवी लाइन से संबंधित सभी मेंटेनेंस कार्य पूरे कर लिए गए हैं।

11 केवी का कुछ काम अभी शेष

इसके अलावा 11 केवी लाइनों का लगभग 70 प्रतिशत कार्य भी पूरा हो चुका है। शेष कार्य को भी प्राथमिकता के आधार पर तेजी से पूरा किया जा रहा है, ताकि मानसून के दौरान बिजली आपूर्ति बाधित न हो और उपभोक्ताओं को बेहतर एवं सुरक्षित विद्युत सेवा मिल सके। बिजली विभाग का कहना है कि नियमित मेंटेनेंस से तकनीकी खराबियों में कमी आएगी, ट्रिपिंग की घटनाएं घटेंगी और उपभोक्ताओं को अधिक विश्वसनीय बिजली आपूर्ति का लाभ मिलेगा। विभाग शेष कार्य को भी जल्द पूरा कर पूरे नेटवर्क को मानसून के लिए पूरी तरह तैयार करने में जुटा हुआ है।

इनका कहना है

शहर के पांचों डिवीज़न में मेंटेनेंस का कार्य लगभग पूरा किया जा चुका है। 11 केवी में थोड़ा कार्य शेष है जिसे जल्द पूरा कर लिया जाएगा।

एस के गिरिया मुख्य अभियंता जबलपुर क्षेत्र

शराब तस्कर को पुलिस ने दबोचा, 794 पाव देशी शराब जब्त

जबलपुर, नवभारत। पाटन पुलिस ने शराब तस्कर को दबोचा है जिसके कब्जे से 794 पाव देशी शराब कीमती लगभग 56 हजार रूपये की जप्त की गई है। टीआई गोपिन्द्र सिंह ने बताया कि संजय उर्फ संजू लड़िया 26 वर्ष निवासी ग्राम कुंवरपुर को घेराबंदी कर उस वक्त दबोचा गया जब वे घर पीछे गैरिज के गेट के पास खुले बाडे में शराब बेचने के लिए घूम रहा था । जिसके कब्जे में कार्टून के उपर से चादर हटाकर चैक करने पर 16 कार्टून में कुल 794 पाव देशी शराब कीमती लगभग 56 हजार रूपये की रखी मिली, आरोपी संजू उर्फसंजय लड़िया के कब्जे से 794 पाव देशी शराब जप्त करते हुये आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही की गई।

THE BEST CREATIVE LEARNING SCHOOL OF JABALPUR
GOLDEN STAR
A MONTESSORY SCHOOL
For Details Call 9981997833 9981997834
Play Nursery | Nursery
KG I - KG II | 1st to VIIIth
CBSE PATTERN OF STUDY
AFFILIATED TO MP BOARD
Mrs. Anamika Singhai Founder
81, Ashok Nagar, In front of Jain Mandir, Adhartal, Jabalpur (M.P.) | Ph. No. : 0761-4115332 | E-mail : goldenstar81@gmail.com

होली लाईट चिल्ड्रन्स ऐकेडमी हॉयर सेकेण्डरी स्कूल
Holy Light Children's Academy Higher Secondary School
प्रवेश प्रारम्भ
शासन द्वारा मान्यता प्राप्त (नर्सरी से बारहवीं तक) हिन्दी एवं अंग्रेजी माध्यम
नोट- गरीबी रेखा कार्ड धारकों को फीस में विशेष सुविधा
अभिभावकों को मोबाईल एप द्वारा विद्यालय की समस्त जानकारी लाईव
अनुभवी शिक्षक/शिक्षिकाओं द्वारा अध्यापन
स्वस्थ शिक्षा वातावरण
खेलकूद के लिये मैदान व शाला भवन की स्थाई ईमारत
विशिष्ट शिक्षण विधियों द्वारा अध्यापन, नैतिक/पारम्परिक संस्कारों से सुसज्जित शिक्षा
पेंटिंग, ड्राईंग, योग कक्षा, जूडों का विशेष प्रशिक्षण, कम्प्यूटर शिक्षा की व्यवस्था
पिकनिक, आनंद मेला, वार्षिकोत्सव व क्राफ्ट प्रदर्शनी का प्रत्येक वर्ष आयोजन
फेल विद्यार्थी निराश न हो दसवीं, बारहवीं गारण्टी से पास
सभी BA,B.Com., B.Sc.,LLB, B.Ed, M.Ed. हेतु संपर्क करें
Jai Prakash Nagar, Adhartal, Jabalpur (MP) 482004 Mob: 9301646302, 9407059444